छत्तीसगढ़ के लोकतंत्र सेनानियों ने... पृष्ठ 2 | 55वें जीएसटी काउंसिल की... पृष्ठ 3


# नांदगांव टाइम्स

शनिवार, 14 दिसंबर 2024, राजनांदगांव | आरएनआई 30910/76 | वर्ष 49, अंक 62, पृष्ठ 04, मूल्य 3 रुपए





नोट :- मकान, फ्लैट, दुकान, गोदाम किराये पर लेने एवं देने की विशेष व्यवस्था साथ ही जमीन प्लाट हेतु डायवर्सन के दस्तावेज व ऋण पुस्तिका बनवाने के कार्य की सुविधा।

।। जय श्री जलाराम ।।


**श्री जलाराम प्रॉपर्टी डीलर**

*उचित दर पर मकान, फ्लैट, डुप्लेक्स, दुकान, ऑफिस, गोदाम, जमीन, प्लाट की खरीदी-बिक्री हेतु संपर्क करें।*

ऑफिस- बागड़ी ब्रदर्स के बाजू में, रामाधीन मार्ग, राजनांदगांव।

मो: 98274-61508, 83192-88559


## काफिरिस्तान के काफिर...



काफिरिस्तान का नाम सुने हैं ?? पाकिस्तान और अफगानिस्तान की सीमा पर एक छोटा सा इलाका है यह। बड़ा ही महत्वपूर्ण क्षेत्र ! जानते हैं क्यों ? क्योंकि आज से सवा सौ वर्ष पूर्व तक वहाँ विश्व की सबसे प्राचीन परंपरा को मानने वाले लोग बसते थे। रुकिए ! हिन्दू ही थे वे, पर हमसे थोड़े अलग थे। विशुद्ध वैदिक परम्पराओं को मानने वाले हिन्दू... सूर्य, इंद्र, वरुण आदि प्राकृतिक शक्तियों को पूजने वाले वैदिक हिन्दू... वैदिक काल से अबतक हमारी परम्पराओं में असँख्य परिवर्तन हुए हैं। हमने समय के अनुसार असँख्य बार स्वयं में परिवर्तन किया है, पर काफिरिस्तान के लोगों ने नहीं किया था। बड़े शक्तिशाली लोग थे काफिरिस्तान के ! इतने शक्तिशाली कि मोहम्मद बिन कासिम से लेकर अहमद शाह अब्दाली तक हजार वर्षों में हुए असँख्य अरबी आक्रमणों के बाद भी वे नहीं बदले।

युग बदल गया, पर वे नहीं बदले। तलवारों के भय से धर्म बदलने वाले हिन्दू और बौद्ध धीरे-धीरे इन प्राचीन लोगों को काफिर, और इनके क्षेत्र को काफिरिस्तान कहने लगे।

वैदिक सनातनियों का यह क्षेत्र बहुत ऊँचा पहाड़ी क्षेत्र है। ऊँचे ऊँचे पर्वतों और उनपर उगे घने जंगलों में बसी सभ्यता इतनी मजबूत थी कि वे पचास से अधिक आक्रमणों के बाद भी कभी पराजित नहीं हुए। न टूटे न बदले...

काफिरिस्तान के लोग जितने शक्तिशाली थे, उतने ही सुन्दर भी थे। वहाँ की लड़कियाँ दुनिया की सबसे सुन्दर लड़कियां लगती हैं। माथे पर मोर पंख सजा कर फूल की तरह खिली हुई लड़कियां, जैसे लड़कियाँ नहीं परियाँ हों...

वहाँ के चौड़ी छाती और लंबे शरीर वाले पुरुष, देवदूत की तरह लगते थे। दूध की तरह गोरा रङ्ग, बड़ी-बड़ी नीली आँखें... जैसे स्वर्ग का कोई निर्वासित देवता हो।

अरबी तलवार जब आठ सौ वर्षों में भी उन्हें नहीं बदल पायी, तो उन्होंने हमले का तरीका बदल दिया। अफ़गानी लोग उनसे मिल-जुल कर रहने लगे। दोनों लोगों में मेल जोल हो गया। फिर !

**सन अठारह सौ छानबे...**

वर्तमान अफगानिस्तान के अधिकांश लोग अशोक और कनिष्क के काल में हिन्दू से बौद्ध हो गए थे। आठवीं सदी में जब वहाँ अरबी आक्रमण शुरू हुआ तो ये बौद्ध स्वयं को पच्चीस वर्षों तक भी नहीं बचा पाए। वे तो गए ही, साथ ही शेष हिन्दू भी पतित हो गए। पर यदि कोई नहीं बदला, तो वे चंद सूर्यपूजक सनातनी लोग नहीं बदले।

अफगानिस्तान के तात्कालिक शासक अब्दीर रहमान खान ने काफिरिस्तान पर आखिरी आक्रमण किया। इस बार प्रतिरोध उतना मजबूत नहीं था। काफिरों में असँख्य थे जिन्हें लगता था कि हमें प्रेम से रहना चाहिए, युद्ध नहीं करना चाहिए। फल यह हुआ कि हजार वर्षों तक अपराजेय रहने वाले काफिरिस्तान के सनातनी एक झटके में समाप्त हो गए। पूर्णतः समाप्त हो गए... पराजित हुए। फिर हमेशा की तरह हत्या और बलात्कार का ताण्डव शुरू हुआ। आधे लोग मार डाले गए, जो बचे उनका धर्म बदल दिया गया। कोई नहीं बचा ! कोई भी नहीं... काफिरिस्तान का नाम बदल कर नूरिस्तान कर दिया गया।

आज काफिरिस्तान का नाम लेने वाला कोई नहीं।

**पंडित अनूप चौबे**
**अध्यक्ष अखंड भारत सनातन संस्कृति**

# डबल इंजन की सरकार में मिल रहा डबल फायदाः जे.पी. नड्डा

### छत्तीसगढ़ के रजत जयंती वर्ष को मनाया जाएगा अटल निर्माण वर्ष के रूप में, 3 दिसंबर से 13 दिसंबर तक हर वर्ष मनाया जाएगा जनादेश परब

रायपुर। देश में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और छत्तीसगढ़ में विष्णु देव साय की नेतृत्व वाली सरकार जनता की सेवा के लिए तत्पर होकर काम कर रही है। इसी का परिणाम है कि पूरे देश और प्रदेश में उत्तरोत्तर विकास हो रहा है। डबल इंजन की सरकार होने की वजह से लोगों को डबल लाभ हो रहा है। आज भारत विश्व की पांचवी बड़ी आर्थिक शक्ति है। अगले पांच सालों में हम दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनकर उभरेंगे। प्रधानमंत्री के कुशल नेतृत्व में देश के 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर आए हैं। केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्री जे.पी. नड्डा ने आज रायपुर के साइंस कॉलेज ग्राउंड में आयोजित जनादेश परब कार्यक्रम में लोगों को सम्बोधित करते हुए यह बात कही। केन्द्रीय मंत्री श्री नड्डा ने कार्यक्रम में 1124 करोड़ रूपए के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास किया। केन्द्रीय मंत्री श्री नड्डा ने जनादेश परब में छत्तीसगढ़ सरकार के एक साल की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार स्वप्रेरणा से लोकहित में पूरी जवाबदेही के साथ काम कर रही है। सरकार बनने के दूसरे ही दिन कैबिनेट की बैठक में प्रदेश के 18 लाख से अधिक जरूरतमंदों के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना की स्वीकृति दी गई। मोदी की गारंटी के अनुरूप यहां किसानों से 3100 प्रति क्विंटल में धान खरीदी की जा रही है। किसानों को उनके हक का 3716 करोड़ रूपए धान के बकाया दो साल के बोनस का भुगतान भी किया गया है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने जनादेश परब में घोषणा की कि अब से हर साल 3 दिसंबर से 13 दिसंबर तक ज्जनादेश परबज् के रूप में मनाया जाएगा। आने वाले वर्ष में छत्तीसगढ़ के 25 वर्ष पूरे हो रहे हैं। राज्य निर्माता भारत रत्न अटलजी का यह शताब्दी वर्ष भी है। उन्होंने छत्तीसगढ़ के रजत जयंती वर्ष को च्अटल निर्माण वर्ष के रूप में मनाने की घोषणा की। श्री साय ने कहा कि अटलजी ने प्रधानमंत्री के रूप में देश में सड़कों का जाल बिछाया। उसी से प्रेरणा लेकर हम अपने रजत जयंती वर्ष में अधोसंरचना विकास को प्राथमिकता में रखेंगे। उसके बाद के तीन वर्षों में भी हम अलग-अलग थीम पर काम करेंगे। मुख्यमंत्री श्री साय ने जनादेश परब को सम्बोधित करते हुए कहा कि पिछले साल किसान भाइयों के खाते में आपकी डबल इंजिन की सरकार ने 49 हजार करोड़ रुपए डाले हैं। हमने अपने शुरूआती तीन महीनों में ही प्राथमिकता के साथ महतारी वंदन योजना का लाभ प्रदेश की माताओं-बहनों को देना आरंभ किया।



**जो रामराज्य के मूल्य हैं, वहीं हमारे लिए सुशासन के मूल्य - मुख्यमंत्री**

70 लाख माताओं-बहनों के खाते में महतारी वंदन योजना की अब तक 10 किश्तों में 6,530 करोड़ रुपए की राशि भेजी जा चुकी है। पहली तारीख को हम यह राशि भेज देते हैं और जैसे ही माताओं-बहनों के खाते में राशि आती है उनका चेहरा गर्व से खिल जाता है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि जो रामराज्य के मूल्य हैं, वहीं हमारे लिए सुशासन के मूल्य हैं। हमने प्रशासन के हर स्तर पर सुशासन को सुनिश्चित किया है। हमने सुशासन के मूल्यों को सिस्टम में शामिल करने सुशासन एवं अभिसरण विभाग का गठन किया। सुशासन के लिए पारदर्शिता सबसे आवश्यक है और इसके लिए डिजिटल गवर्नेंस शुरू कराया है। लालफीताशाही को दूर करने हमने ई-आफिस प्रणाली आरंभ की है। इसमें डिजिटल माध्यम में नोटशीट आगे बढ़ती है। इससे समय-सीमा भी तय होती है और जवाबदेही भी तय हो जाती है।

# खैरबना में जिला स्तरीय खेल में अव्वल आये बच्चों को सम्मानित किया गया



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** शुक्रवार को ग्राम खैरबना विकास खंड छुईखदान,जिला खैरागढ़ छुईखदान गंडई में जिला स्तरीय बालक्रीडा प्रतियोगिता में अव्वल आये बच्चों को शासकीय प्राथमिक शाला खैरबना की प्रधान पाठिका सीमा शर्मा और मिडिल स्कूल के शिक्षकों ने एक सादे समारोह में बच्चों को सम्मानित किया. इस अवसर पर ख़ैरबना हाई स्कूल के प्रभारी प्राचार्य श्री मधुसूदन देशलहरे, खैरबना, सरपंच ललित जंघेल , स्‍रूष्ठ्ट अध्यक्ष धनसाय साहू , स्‍रूष्ट अध्यक्ष संतराम कुर्रे (माध्यमिक), स्‍रूष्ट अध्यक्ष प्राथमिक रमेश सरग ?द्वारी , ग्राम पटेल धनेश साहू डीलेश्वर दास अचिंत तथा चूडामणी जंघेल, डोमार सिंह भेड़िया, हेमलाल पटेल पुष्ण सेन किरण जंघेल शिक्षाविद मनहरण जंघेल , धनऊराम साहू व खैरबना पूर्व माध्यमिक शाला के प्रधान पाठक पुखराज सिंह खुशरो, शत्रुहन राम साहू, कन्हैया राम जंघेल प्राथमिक शाला के प्रधानपाठक सीमा शर्मा सहा. शिक्षक यशोदा ठाकुर उपस्थित थे संकुल समन्वयक श्री पूरन बंजारे एवं प्रतिभागी बच्चे उपस्थित थे। जिला स्तरीय खेल खैरागढ़ ब्लाक के ग्राम बैहाटोला में आयोजित हुआ था वहां प्राथमिक शाला ख़ैरबना के प्रतिभागी विजयी बच्चों को पानी बॉटल और पेन कॉपी देकर शाला परिवार की ओर से सम्मानित किया गया.पुरस्कार वितरण किया गया। जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में हमारे प्राथमिक शाला खैरबना के छात्र दुर्गेश कुमार वर्मा अ वर्ग 80 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान आया, टिकेश कुमार वर्मा 100 मीटर दौड़ में द्वितीय स्थान और रिलेरेश में प्राथमिक शाला ख़ैरबना के ही छात्र टिकेश, दुर्गेश, राजेंद्र और ओम ने जिला में प्रथम स्थान प्राप्त किया।छुईखदान के विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्री रमेन्द्र डड़सेना जी और बी. आर.सी श्री दुष्यंत कुमार शर्मा ने इन विजयी बच्चों को अपनी सुभकामनाये दी है।

## कोहका आंगनबाड़ी में महतारी सम्मान और विभिन्न आयोजन सम्पन्न हुआ

**डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)।** 13 दिसंबर को ग्राम कोहका आंगनबाड़ी में पोट लाइका पहल अंतर्गत तिरंगा भोजन की जानकारी दी गई,साफ सफाई पर चर्चा किया गया,शासन के एक वर्ष होने पर महतारी का सम्मान गुलाल एवं पुष्प से किया गया,इसी कड़ी में कुर्सी दौड़ का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे प्रथम स्थान पर रही कविता साहू,दूसरे स्थान पर नामेश्वरी साहू रही इनको हंसूं साहू सेक्टर सुपर वाइजर महिला बाल विकास ,एवं दीपक रंगारी डोंगरगांव ने श्रीफल देकर सम्मानित किया,इस कार्यक्रम में प्रमुख सहयोग अरविन्द साकरे, कुमुदनी साहू, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता लीला मास्कर, रश्मि डोंगरे, सेएवती सेन,पोषण सखी संगीता देवांगन, पूर्णिमा,गीता, सुनीता मेश्राम,बिहान से सीता साहू,रानू साहू,चमेली साहू, कविता साहू , सोनबती, पुष्पा, उर्मिला,नीलम, लोकेश्वरी, नामेश्वरी,अगरबत्ती हल्वा, खेदिया सिन्हा इत्यादि उपस्थित थे।



# रेंगाकठेरा में शिव महापुराण ज्ञान यज्ञ 22 से



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** समीपस्थ ग्राम रेंगाकठेरा (बखत) में आगामी 22 दिसंबर से 30 दिसंबर तक शिव महापुराण ज्ञान यज्ञ का आयोजन बाल युवा मंडल एवं समस्त ग्रामवासियों द्वारा आयोजित किया गया है। इस ज्ञान यज्ञ में व्यास पीठ से प्रवचन कर्ता आचार्य पंडित रामानुज युवराज पांडे श्री जगन्नाथ मंदिर अमलीपदर होंगे।

ज्ञातव्य है कि श्री पंडित पांडे का श्रीमद देवी भागवत कथा प्रवचन चण्डी यज्ञ इससे पहले समीपस्थ ग्राम डूमरडीहकला में संपन्न हुआ है। उल्लेखनीय है कि अमलीपदर वाले पूज्य महाराज पांडे जी का प्रवचन शैली की क्षेत्र की जनता मुग्ध है। अत: उनके प्रवचन में सुनने बड़ी संख्या में लोग जुटते हैं। संपूर्ण कार्यक्रम इस प्रकार से है भक्तिमय प्रसंग कलश यात्रा दोपहर 02 बजे से, दिनांक 22.12.2024, दिन-रविवार कलश यात्रा शिवपुराण की महत्तम वर्णन, दिनांक 23.12.2024, दिन-सोमवार शिव पूजन विधि भस्मधारण रुद्राक्ष की महिमा, दिनांक-24.12.2024, दिन-मंगलवार ब्रम्हनारद संवाद, नारदमोक्ष पार्थिव पूजन विधि, दिनांक-25.12.2024, दिन-बुधवार दक्ष के तप शिव का वरदान सती जन्म शिव विवाह, दिनांक-26.12.2024, दिन-गुरुवार सती देहत्याग सतीमोह रामकथा गंगा उत्पत्ति की कथा, दिनांक-27.12.2024, दिन-शुक्रवार पार्वती जन्म पार्वती तप कामदेव चरित्र शिव विवाह, दिनांक-28.12.2024, दिन-शनिवार गणेश जन्म अंधकासुर की कथा कृष्ण कथा वाणासुर की कथा, दिनांक-29.12.2024, दिन-रविवार शिव के विभिन्न रूप की कथा शिव महापुराण का सार विल्व वर्षा नगर भ्रमण, दिनांक-30.12.2024, दिन-सोमवार गीतादान कपिला तर्पण पुर्णाहुति ब्राम्हण भोज, महाप्रसादी एवं भंडारा, दिनांक-30 दिसंबर 2024, दिन-सोमवार रखा गया है। पूजा परायण सुबह 8 बजे से कथा समय प्रतिदिन दोपहर 12 बजे से प्रभु ईच्छा तक है। शिवतत्व की गहराई व भगवान शिव की महिमा को श्रावणपान करने के लिए समस्त श्रोता, समाज से परदेशी सोनबोईर ने बड़ी संख्या मे उपस्थित रहने हेतु अपील किये है।

# विधायक दलेश्वर साहू ने किया ओडारबांध व दिवानभेड़ी मे सामुदायिक भवन का लोकार्पण



**डोंगरगाव (नांदगांव टाइम्स)।** विकास खंड के ग्राम ओडारबांध व दिवान भेड़ी मे विधायक दलेश्वर साहू ने पिछड़ावर्ग वर्ग विकास प्राधिकरण से निर्मित साहू सामुदायिक भवन सहित अन्य निर्माण कार्यो का लोकार्पण ग्राम ओडारबांध व दिवान भेड़ी मे किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला साहू संघ व जिला कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहू ने की विशेष अतिथी तहसील अध्यक्ष हेमंत साहू, पूर्व महामंत्री अमरनाथ साहू, जनपद अध्यक्ष टिकेश साहू, महामंत्री नीलमणी साहू, धनराज साहू, जनपद सदस्य जागेश्वर यदु, सरपंच सुमित्रा नीलम गोस्वामी दिवान भेड़ी, व सुनीता साहू ओडारबांध थे। सर्वप्रथम ग्राम दिवान भेड़ी मे परिक्षेत्रीय साहू संघ के अध्यक्ष राधेश्याम साहू व सचिव महेश साहू के नेतृत्व मे समस्त अतिथियो का स्वागत अभिनंदन किया गया तत्पश्चात ग्राम ओडारबांध मे बिरबल साहू, नरेंद्र साहू, के अगुवाई मे स्वागत अभिनंदन किया गया। विधायक दलेश्वर साहू ने नवनिर्मित परिक्षेत्रीय साहू संघ दिवान भेड़ी व ग्राम साहू समाज भवन का फीता काटकर लोकार्पण किया । इस अवसर पर मुख्य अतिथी की आसंदी से विधायक श्री साहू ने कहा कि संगठन मे ताकत है, सामाजिक एकता बनाए रखे, हर व्यक्ति को अपने दायित्वो के निर्वहन के लिए अनेक चुनौतिया आती है, जिसे सहर्ष स्वीकार करना चाहिए। कार्यक्रम को जिलाध्यक्ष भागवत साहू ने संबोधित करते हुए जिला साहू संघ के द्वारा चलाए जाने वाले रचनात्मक गतिविधियो से अवगत कराया। तहसील अध्यक्ष हेमंत साहू ने समाज मे शिक्षा स्वास्थ्य जैसे रचनात्मक कार्यो पर जोर दिया, पूर्व महामंत्री-अमरनाथ साहू ने आने वाले जनरेशन को समाज व समाज के नीति रीति से अवगत कराने का आव्हान किया। कार्यक्रम को जनपद अध्यक्ष टिकेश साहू, महामंत्री नीलमणी साहू ने भी संबोधित किया। लीलम गोस्वामी ने स्वागत भाषण का पठन किया। कार्यक्रम मे जयश्री साहू, सावित्री साहू, पीडी साहू,मूलचंद साहू, सुगम हिरवानी, सी एल हिरवानी, महेश्वर साहू, दुबेदास साहू, धर्मेंद्र साहू, मनोज साहू, अर्जुन साहू, मोहन साहू, हेमनाथ साहू, कंपा राम साहू महेश साहू , आदि प्रमुखजन शामिल थे। कार्यक्रम का संचालन महेश साहू नरेंद्र साहू ने की ।

# ठंड से थरथरा रहा छत्तीसगढ़, कई इलाकों में शीत लहर चलने की मौसम विभाग ने जताई आशंका



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में ठंड अपनी पकड़ और जमाता जा रहा है. सबसे ज्यादा हालत गंभीर उत्तर छत्तीसगढ़ की है, जहां मौसम विभाग ने 13 और 14 दिसंबर को शीतलहर चलने की आशंका जताई है. यह भी पढ़ें : स्स्क्र ने नक्सल प्रभावित क्षेत्र के युवाओं को कराया शहरी क्षेत्रों का भ्रमण, विकसित राज्य की झलक देख हुए उत्साहित छत्तीसगढ़ के कई जिलों में कड़ाके की ठंड पड़ रही है. प्रदेशभर में न्यूनतम तापमान में लगातार गिरावट जारी है. बीते 24 घंटे में कई जिलों में 5 डिग्री तक तापमान में गिरावट दर्ज की गई है. वहीं प्रदेश के कई जगहों पर ओस की बूंदें जमने लगी हैं. सरगुजा में सबसे कम 6 डिग्री तक तो बलरामपुर में न्यूनतम तापमान 6.8 डिग्री तक न्यूनतम तापमान पहुंचा गया. ठंड से थरथरा रहा छत्तीसगढ़, छत्तीसगढ़ में ठंड अपनी पकड़ और जमाता जा रहा है. सबसे ज्यादा हालत गंभीर उत्तर छत्तीसगढ़ की है, जहां मौसम विभाग ने 13 और 14 दिसंबर को शीतलहर चलने की आशंका जताई है. यह भी पढ़ें : स्स्क्र ने नक्सल प्रभावित क्षेत्र के युवाओं को कराया शहरी क्षेत्रों का भ्रमण, विकसित राज्य की झलक देख हुए उत्साहित छत्तीसगढ़ के कई जिलों में कड़ाके की ठंड पड़ रही है. प्रदेशभर में न्यूनतम तापमान में लगातार गिरावट जारी है. बीते 24 घंटे में कई जिलों में 5 डिग्री तक तापमान में गिरावट दर्ज की गई है. वहीं प्रदेश के कई जगहों पर ओस की बूंदें जमने लगी हैं. सरगुजा में सबसे कम 6 डिग्री तक तो बलरामपुर में न्यूनतम तापमान 6.8 डिग्री तक न्यूनतम तापमान पहुंचा गया.

# छत्तीसगढ़ के लोकतंत्र सेनानियों ने मध्यप्रदेश की तर्ज पर सम्मान की अपेक्षा मुख्यमंत्री से की - मनोज निर्वाणी

## पर्यटन विभाग में मिले विशिष्ट अतिथि का दर्जा , छत्तीसगढ़ परिवहन में यात्रा की छूट मिले , सरकार द्वारा द्वारा कम मूल्य पर जमीन उपलब्ध कराया जाए

**राजनंदगांव ( नादगांव टाइम्स )।** लोकतंत्र प्रहरी मनोज निर्वाणी ने बताया कि लोकतंत्र सेनानी संघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सच्चिदानंद उपासने के नेतृत्व में आज प्रदेश के लोकतंत्र सेनानियों ने मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय जी से भेंट कर प्रदेश के लोकतंत्र सेनानियों को अपने अल्प से कार्यकाल में प्रदान किए गए भावपूर्ण सम्मान हेतु आभार व्यक्त किया। संघ के प्रदेश अध्यक्ष श्री दिवाकर तिवारी राष्ट्रीय संरक्षक सदस्य एवं पूर्व प्रदेश अध्यक्ष श्री दत्ता त्रिपुरवार, बिलासपुर जिला अध्यक्ष श्री सुनील पुराणिक, प्रदेश कार्यालय मंत्री संतोष शर्मा एवं अन्य पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री को जानकारी दी कि वर्ष 2008 से लोकतंत्र सेनानियों को जो सुविधाये व सम्मान मध्यप्रदेश शासन द्वारा प्रदान किया जाता रहा है वह सभी छत्तीसगढ़ में भी यथावत वृद्धि कर प्रदान किया जाता रहा है। लोकतंत्र सेनानी संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष कैलाश सोनी द्वारा प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम अग्रेषित ज्ञापन की प्रति मुख्यमंत्री को प्रदान करते हुए प्रदेश के सेनानियों ने मुख्यमंत्री से अपेक्षा की है कि प्रदेश के सेनानियों के हितों को सदैव सुरक्षित रखे जाने हेतु मध्य प्रदेश व उत्तर प्रदेश की तर्ज पर छत्तीसगढ़ लोकतंत्र सेनानी सम्मान अधिनियम बनाया जावे। उसी प्रकार मध्य प्रदेश व हरियाणा सरकारों के तर्ज पर प्रदेश के सेनानियों को ताम्रपत्र देकर सम्मानित किया जाए। जिस प्रकार मध्य प्रदेश शासन द्वारा आपातकाल 1975 में एक माह से कम कालावधि के लिए निरुद्ध रहे सेनानियों को रुपए 10000/- तथा एक माह या एक माह से अधिक कालावधि के लिए निरुद्ध रहे सेनानियों को रू 30000/ तीस हजार प्रति माह की दर से सम्मान निधि की पात्रता है उसी तर्ज पर छत्तीसगढ़ के छत्तीसगढ़ के मिसा बंदियों को भी सम्मान निधि प्रदान की जावे। लोकतंत्र सेनानियों ने कहा है कि पर्यटन विभाग के सभी इकाइयों में सेनानियों को अति विशिष्ट अतिथि का दर्जा प्रदान कर भोजन । ठहरने हेतु 40त्न छूट मध्य प्रदेश के तर्ज पर प्रदान की जावे। इसी प्रकार मध्य प्रदेश के तर्ज पर राज्य के लोकतंत्र सेनानियों को नई दिल्ली स्थित छत्तीसगढ़ भवन




में एक कैलेंडर वर्ष में 30 दिन निशुल्क ठहरने की सुविधा प्रदान की जावे। मध्य प्रदेश के पैटर्न पर छत्तीसगढ़ के सर्किट हाउस एवं विश्राम गृहों में सेनानियों को तीन दिन ठहरने की अनुमति और शुल्क में 50त्न छूट प्रदान की जावे। उपासने ने निवेदन किया कि छत्तीसगढ़ के सेनानियों के वाहनों को प्रदेश के टोल नाकों पर छूट प्रदान की जावे । प्रदेश के उन सेनानी परिवारों व सेनानियों को आपातकाल में कांग्रेस शासन ने वैचारिक विरोधियों के रूप में गिरफ्तार कर मीसा व डी आई आर के अलावा अन्य धाराओं में गिरफ्तार कर प्रताड़ित कर जेलों में डाला या थानों में ही प्रताड़ित कर छोड़ दिया गया। ऐसे योद्धाओं का भी शासन स्तर पर सम्मान हो यह विचारधारा का सम्मान होगा। सेनानियों ने पुर्जी रूप से यह मांग किया है कि आपातकाल के अत्याचारों की यादों को समाज में चिरस्थाई बनाने एवं रखने के लिए आपातकाल 1975 के संघर्ष व यातनाओं को प्रदेश के पाठ्य पुस्तकों में शामिल करने की घोषणा की जावे। मध्य प्रदेश के तर्ज पर लोकतंत्र सेनानियों के बच्चों को उद्योग के लिए प्रशिक्षण रोजगार की व्यवस्था शासन द्वारा की जावे तथा लोकतंत्र सेनानियों को फोटो युक्त परिचय पत्र जारी किया जावे एवं लोकतंत्र सेनानियों को नया रायपुर में कम दरों पर भूखंड आवंटित किया जावे। इस प्रकार के मांगे आज सेनानी संघ के प्रतिनिधि मंडल ने माननीय मुख्यमंत्री जी के समक्ष रखी है। उपासने ने मांग की कि शासन स्तर पर छत्तीसगढ़ में आपातकाल का एक संदर्भ ग्रन्थ प्रकाशित किया जावे, जिसमें छत्तीसगढ़ की जेलों में इक्कीस माह तक निरुद्ध रहे मीसा बंदियों, सत्याग्रहियों का जीवन परिचय व संस्मरण प्रकाशित किए जाएं। इस हेतु शासन स्तर पर एक समिति का गठन कर आपातकाल की पचासवीं वर्षगांठ पर आपातकाल योद्धा के नाम से उसका प्रकाशन किया जावे। माननीय मुख्यमंत्री जी ने सभी ज्ञापन को गंभीरता से पठन के बाद आवश्यक कार्यवाही का आश्वासन दिया है।

# निषाद समाज राजनांदगांव बैठक में प्रदेश पदाधिकारियों का सम्मान



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** जिला निषाद समाज का मासिक गत दिवस जिला कार्यालय नया सामाजिक भवन कौरिनभांठा राजनांदगांव में प्रदेश सचिव गिरधर निषाद, प्रदेश संगठन सचिव अशोक निषाद, प्रदेश कोषाध्यक्ष अशोक निषाद, विधि प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष ईश्वर निषाद दुर्ग, जिलाध्यक्ष द्रुपद मुन्ना निषाद, महासचिव टीकम निषाद, मछुआ कल्याण समिति जिलाध्यक्ष व भर्रेगांव क्षेत्रीय अध्यक्ष छगन लाल निषाद, महिला प्रकोष्ठ प्रदेश व जिला उपाध्यक्ष सुशीला निषाद व लोकेश निषाद, ईश्वर निषाद, मीडिया प्रभारी चैनकुमार निषाद, संगठन सचिव मौजीराम निषाद, अंकेक्षक हरिराम निषाद, सलाहकार सोनी राम निषाद, मार्गदर्शक विजय निषाद व बसंत लारिया, युवा प्रकोष्ठ प्रदेश सचिव लखन निषाद, क्षेत्रीय अध्यक्ष लक्ष्मण निषाद चिरपोटी, महिला प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष पद्मनी निषाद, संगठन सचिव हेमलता निषाद व ओमलता निषाद, चन्दिका लारिया चिखली, की उपस्थिति में आयोजित हुई । नवीन जिला खैरागढ़-छुईखदान-गंडई का निर्वाचन जनवरी 2025 में राजनांदगांव जिला मीडिया प्रभारी चैनकुमार निषाद ने बताया कि बैठक में आय-व्यय की जानकारी दी गई । बैठक में उपस्थित सभी प्रदेश पदाधिकारियों का जिला संगठन राजनांदगांव के द्वारा सम्मानित किया गया तथा नवीन जिला खैरागढ़-छुईखदान-गंडई का जिला संगठन का निर्वाचन मनोनीत जिलाध्यक्ष फत्ते निषाद व कोषाध्यक्ष संतराम निषाद सहित पदाधिकारियों को सदस्यता शुल्क के साथ सदस्य बनाकर मतदाता सूची तैयार करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है । आगामी माह जनवरी 2025 में नवीन जिला खैरागढ़-छुईखदान-गंडई का प्रदेश व जिला पदाधिकारियों निर्वाचन अधिकारी की उपस्थिति में निर्वाचन किया जायेगा ।

**तीन-अंतरजातीय प्रकरणों का निराकरण**

बैठक में सामाजिक विकास पर चर्चा के साथ प्रदेश पदाधिकारियों की उपस्थिति में 3-अंतरजातीय प्रकरणों का निराकरण किया गया । इस अवसर पर बैठक में सांकरदाहरा क्षेत्रीय अध्यक्ष गौतरिया राम निषाद, सचिव तारम निषाद, डोंगरगढ़ क्षेत्रीय अध्यक्ष हीरासिंह निषाद, बघेरा क्षेत्रीय अध्यक्ष रामशरण निषाद, खैरागढ़ क्षेत्रीय अध्यक्ष संतराम निषाद, मनोनीत खैरागढ़ नवीन जिलाध्यक्ष फत्ते निषाद, नोकेलाल निषाद, अश्वनी कुमार शर्पा पंचगहिया सचिव, पंचगहिया कोषाध्यक्ष भागवत निषाद, जिला सेवक झाडू राम निषाद, घनश्याम शाबला, सावन निषाद व किरण निषाद चिखली, सरपंच भूषण निषाद बेलटिकरी, शिवप्रसाद निषाद मोहदी सहित समाज के सभी जिला क्षेत्रीय, पंचगहिया पदाधिकारियों व स्वजातीय बन्धु बड़ी संख्या में उपस्थित थे ।

# पार्रीखुर्द के बच्चों ने महाप्रभु वल्लभाचार्य जी की जन्मस्थली चम्पारण का किया शैक्षणिक भ्रमण



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला पार्रीखुर्द, संकुल -भर्रेगॉंव के बच्चों ने पालकों, शिक्षकों तथा समस्त शाला स्टाफ के साथ शैक्षणिक भ्रमण का आनंद लिया। शैक्षणिक भ्रमण के अन्तर्गत दिनांक 08.12.2024 दिन-रविवार को सबसे पहले छत्तीसगढ़ का प्रयाग कहे जाने वाले राजिम में कुलेश्वर महादेव मंदिर व राजीवलोचन मंदिर में स्थापित भगवान की प्रतिमा का दर्शन लाभ लिया। बच्चों ने धर्म के साथ - साथ मंदिर से जुड़े इतिहास को बहुत बारीकी से समझा। उसके बाद भ्रमण का अगला पड़ाव चम्पारण रहा।जहॉं बच्चे महाप्रभु वल्लभाचार्य की जन्मस्थली की भव्यता को देखकर रोमांचित हो उठे। चम्पारण में बच्चों, पालकों व समस्त शाला स्टाफ ने एक साथ मिलकर भोजन बनाया व रसास्वादन किया,जो बहुत यादगार पल रहा। भ्रमण का अगला पड़ाव चंदखुरी, रायपुर का कौशिल्या माता का मंदिर रहा, जहॉं की प्राकृतिक सुंदरता से बच्चों का मन आह्लादित हो गया। भ्रमण में शाला के शिक्षक स्टाफ प्रधानपाठक शिव कुमार सेवता , शिक्षिकाओं श्रीमती विभा सिंहमारे व सुश्री पुष्पलता देवॉंगन के साथ -साथ भर्रेगॉंव के संकुल समन्वयक महोदय भूपेश कुमार साहू भी सपरिवार सम्मिलित हुए। इस प्रकार बच्चों के लिए यह भ्रमण शिक्षाप्रद, रोमांचक व उत्साहवर्धक रहा।

# संकुल स्तरीय बालक्रीड़ा प्रतियोगिता में करमरी ने मारी बाजी

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** ग्राम अरजकुंड में आयोजित दो दिवसीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया कार्यक्रम में



10 प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक विद्यालय के खिलाड़ी भाग लिए जिसमें करमरी के बच्चों ने प्रथम स्थान प्राप्त किए। सभी विजयी खिलाड़ियों को ईनाम प्रदान किया गया। इस उपलब्धि पर शाला में उत्साह का माहौल है। एस एम सी सदस्य एवं पालक गण उत्साह वर्धन के लिए सम्मान सभा का आयोजन किए। आयोजन में पूर्व अध्यक्ष दीन दयाल साहू,लक्ष्मण साहू, डामेश्वर देवांगन, अध्यक्ष हिंछा ठाकुर, सरपंच गीता बाई ठाकुर, संकुल प्राचार्य के के साहू, प्रधानपाठक बी के दास वैष्णव, नीलम साहू शिक्षक बी खरे, के के इंदौरिया, रामप्रसाद सोनकर संकुल समन्वयक खोरबाहरा राम साहू सहित बी टी आई के छात्राध्यापक गण उपस्थिति थे। सभी ने बच्चों को बधाई दिए और इसी तरह आगामी प्रतियोगिता में विजय प्राप्त करने शुभकामनाएं दिए गए,

## चांदो में मड़ई और नाचा 6 जनवरी को

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** ग्राम चांदो में 6 जनवरी 2025 सोमवार को मड़ई का आयोजन रखा गया कार्यक्रम सम्पन्न है । रात्रि में प्रसिद्ध च्भूपेशङ्कप्रकाश छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी चारामा, जिला कांकेर की प्रस्तुति होगी । ग्राम चांदो में वार्षिक मड़ई मेला के आयोजन की परंपरा के अनुसार हर वर्ष की जा रही है ।

## सरेआम शराब पीते 18 गिरफ्तार

**रायपुर।** राजधानी पुलिस ने नशेड़ियों के खिलाफ अभियान चलाकर सरेआम शराब पीते 18 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार तेलीबांधा पुलिस ने लाभांडी के पास सरेआम शराब पीते आरोपी राकेश साहू 20 वर्ष, हेमंत पांडे 32 वर्ष, सुनील जायसवाल 35 वर्ष व मुकेश जायसवाल 29 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं मोवा पुलिस ने आरोपी मोहन बैरागी 45 वर्ष व रोहित 33 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

**शुभांक**

2-7-9

677-0 277-6

**भाग्यांक**

299-0 189-8

# सशस्त्र झंडा दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया



**राजनादगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** सशस्त्र झंडा दिवस 7 दिसंबर को जिला सैनिक कार्यालय में बड़ी धूमधाम के साथ मनाया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में राजनांदगांव कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल उपस्थित रहे



झंडा दिवस में झंडा दिवस के अवसर पर अनेक शहीद परिवार को कलेक्टर महोदय द्वारा झंडा दिवस में एकत्रित राशि से अनेक परिवार को सम्मानित किया गया जिसमें बड़ी संख्या में भूतपूर्व सैनिक एवं उनके परिवार शहीद परिवार उपस्थित थे शहीद परिवार की समस्या कलेक्टर महोदय बड़े ध्यान से सुने और उसे जल्द से जल्द हल करने की आश्वासन दिया गया इस अवसर पर अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के सदस्य भारी संख्या में उपस्थित थे जिसमें पूर्व अध्यक्ष नायक सूबेदार बसंत राउटे गुमान साहू उमेश कुमार अंगेश्वर प्रसाद सिन्हा युगल किशोर पीयूष कुमार अन्य पूरे परिवार के साथ उपस्थित थे।

# युगांतर के बच्चे राष्ट्रीय कला उत्सव के लिए चयनित

**राजनांदगाँव ( नांदगांव टाइम्स )।** भारत में शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी



संस्था युगांतर पब्लिक स्कूल के बच्चों ने राज्य स्तरीय कला उत्सव पर अपनी वादन-प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए राष्ट्रीय कला उत्सव के लिए क्वालीफाई किया है। पहले ये विद्यार्थी जिला स्तर में शानदार प्रदर्शन के बल पर राज्य स्तर पर पहुँचे। वहाँ भी अपनी वादन- कला का श्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय कला उत्सव के लिए चयनित हुए हैं। एकल तबला वादन में प्रत्युष गेडाम, फॉक आर्केस्ट्रा में केशव तेंदुलकर, नंद कुमार नेताम, समीर किंडो, प्रत्युष गेडाम, शुभांशु कश्यप, युवराज मालिया ने शानदार वादन कला को प्रस्तुत कर विद्यालय को गौरवान्वित किया है। इन विद्यार्थियों को मार्गदर्शित करने में वरिष्ठ रिदम शिक्षक गोपी प्रसाद पटेल, अक्षय केहरी, संगीत शिक्षक टी विशाल, आकांक्षा चतुर्वेदी, लवली पाल ने महत्त्वपूर्ण योगदान दिया ।विद्यालय के प्राचार्य डॉ मधु पी चौधरी, चेयरमैन विनोद सदानी, सेक्रेटरी विनय डड्ढा, कोषाध्यक्ष मिश्रीलाल गोलछा, निदेशक (अकेडमिक्स) सुशील कोठारी सहित युगांतर परिवार ने इन विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दी है।

# गेंदाटोला के छात्र- छात्राओं ने औद्योगिक भ्रमण



**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गेंदाटोला में व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत संचालित कृषि तथा इलेक्ट्रानिक्स एंड हार्डवेयर के छात्र-छात्राओं ने जिला धमतरी में स्थित शासकीय उद्यान रोपणी बेंद्रानवागांव तथा सावित्री पावर प्रोजेक्ट प्राइवेट लिमिटेड, 1.2 मेगावॉट मिनी हाइड्रेल प्रोजेक्ट, गंगरेल मे औद्योगिक भ्रमण किया 7जिसमें कृषि के छात्र - छात्राओं को विषय से संबंधित जानकारी प्रदान करने के लिए प्रज्ञा केसरी उद्यानिकी विभाग का मार्गदर्शन प्राप्त हु?आ । इसी प्रकार इलेक्ट्रानिक्स एंड हार्डवेयर के छात्र - छात्राओं को विषय से संबधित जानकारी प्रदान करने के लिए जलविद्युत प्लांट से जूनियर इंजीनियर जीतेश देवांगन तथा असिस्टेंट प्लांट इंचार्ज धीरज कुमार निर्मलकर का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ ? व्यावसायिक कृषि के छात्र -छात्राओं को भ्रमण के माध्यम से नर्सरी प्रबंधन, आम, नींबू, अमरूद फलों की ग्राफ्टीग, केचुआ खाद बनाने की विधि तथा बीज से पौधे बनाने की तकनीकों की संपूर्ण जानकारी प्रदान की गयी। इसी प्रकार इलेक्ट्रॉनिक्स एंड हार्डवेयर के छात्र-छात्राओं को हाइड्रेल पावर प्लांट की कार्यप्रणाली, टरबाइन,जनरेटर तथा कंट्रोल रूम के कार्यों को विस्तारपूर्वक बतलाया गया 7 औद्योगिक भ्रमण का कार्य संस्था के प्राचार्य . वी. के. मण्डलोई की अनुमति से व्याख्याता के.एल. साहू,अखिलेश खरे और व्यावसायिक प्रशिक्षक हलधर चंद्रवशी व शुभम भट्ट के मार्गदर्शन में संपन्न कराया गया।

## बूथ अध्यक्ष हुये निर्वाचित

**राजनांदगाँव ( नांदगांव टाइम्स )।** इन्दिरा सरोवर स्वर्गधाम स्थित सामुदायिक भवन में दिनांक-



08/12/2024 को शक्ति केन्द्र क्रमांक 03 के बूथ अध्यक्ष का निर्वाचन किया गया जिसमें माननीय श्री खूबचंद पारख जी प्रदेश चुनाव अधिकारी, के आदेशानुसार निर्वाचन अधिकारी श्री अशोकादित्य श्रीवास्तव, सहनिर्वाचन अधिकारी श्री दामोदर दास भूतड़ा, वार्ड पार्षद श्री राजेश जैन (रानू) की उपस्थिति में बूथ अध्यक्ष की निम्नानुसार बूथ क्रमांक. 131 श्री चिराग माहेश्वरी, बूथ क्रमांक. 132 श्री नादान सेन, बूथ क्रमांक. 133 श्रीमती ज्योति सहारे, बूथ क्रमांक. 134 श्री दीपक सिन्हा, बूथ क्रमांक. 138 श्री अभिषेक सेन सर्वसम्मति से निर्वाचित किये गये, बूथ अध्यक्ष निर्वाचन प्रक्रिया में राजेश बिसने, महेश साकुरे, राहुल सोनपीपरे, जुगल शर्मा, चित्रा महिलांगे, हर्ष अग्रवाल, ईशान शर्मा, प्रफुल्ल श्रीवास्तव, विष्णु अग्रवाल, संदीप सोनी एवं भाजपा के सभी सम्मानित कार्यकर्तागण उपस्थिति रहे ।


## आम सूचना

मैं सुमित्रा बाई पति स्व. केवल दास साहू निवासी ग्राम पथर्री पो. पांगरी खुर्द तह. छुरिया जिला राजनांदगांव(छ.ग.) मैंने एक भारतीय जीवन बीमा निगम को पॉलिसी कराई है जिसका पॉलिसी क्र.- 383077896 है जिसमे मेरा नाम भूलवश देवकी बाई दर्ज है । मेरे आधार कार्ड, परिचय पत्र, बैंक पास बुक, पैन कार्ड एवं शासकीय/अशासकीय दस्तावेजों में में मेरा नाम सुमित्रा बाई पति केवल दास साहू दर्ज है।देवकी बाई और सुमित्रा बाई दोनों नाम एक ही महिला का व मेरा ही नाम है ।

अतः आज से मुझे शासकीय/अशासकीय दस्तावेजों मे मेरे नाम सुमित्रा बाई पति स्व.केवल दास साहू से लिखा व पढ़ा जाये।

**सुमित्रा बाई पति स्व. केवल दास साहू**
**ग्राम पथर्री पो. पांगरी खुर्द**
**तह. छुरिया जिला**
**राजनांदगांव(छ.ग.)**

**न्यायालय नजूल जाँच अधिकारी, राजनांदगाँव (छ0ग0)**
**राजस्व मामला क्रमांक**
**202412093700027**
**अ-6 वर्ष 2024-25**

**- : : ईश्तहार ::**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका शकुन्तला दास ध.प. स्व. कृष्ण कुमार दास, निवासी वार्ड नं. 21, सोनारपारा, राजनांदगाँव के द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर शहर राजनांदगाँव के मोहल्ला सोनारपारा दीवानपारा स्थित शीट क्रमांक 36 डी, भूखण्ड क्रमांक-25, क्षेत्रफल 1983.00 वर्गमीटर जो धारकगण शकुन्तला दास ध.प. स्व. कृष्ण कुमार दास, चिन्मय दास, शिवीदास दोनों आ. स्व. कृष्ण कुमार दास, निवासी-सोनारपारा राजनांदगांव के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है, पर पंजीकृत बटवारा नामा के आधार पर नामांतरण किये जाने हेतु इस न्यायालय में आवेदन पेश किया गया है।

अतः उक्त भूमि/मकान / संपत्ति के नामांतरण के संबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था जो इस भूखण्ड पर हित रखते है, पेशी तारीख 27.12.2024 को स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकते है। बाद में प्रस्तुत आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं होगी।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 12.12.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं पद मुद्रा से जारी किया गया।

सील

**नजूल अधिकारी**
**नजूल जांच**
**राजनांदगांव**

## ज्ञान मंथन

*1) कौन वाइब्रेंट गुजरात शिखर सम्मेलन 2024 में मुख्य अतिथि थे?*

*2) जनवरी 2024 में चर्चा में रही फ्रोर स्टार्स ऑफ डेस्टिनी नामक पुस्तक किसने लिखी है?*

*3) प्रबुद्ध भारत समाचार पत्र का स्थापना किसने किया था?*

*4) भारत की पहली पत्रिका कौन-सी थी?*

*5) किसे 2 जनवरी को प्रतिष्ठित एमएस स्वामीनाथन पुरस्कार से सम्मानित किया गया?*

RamaQuiz (Pappu Ganesh )



## उत्तर माला

(1) पेट्र फ़िआला (2) एमएम नरवणे (3) स्वामी विवेकानन्द (4) द ओरिएंटल मैगजीन या कलकत्ता एम्यूजमेंट, 1785 (अंग्रेजी) (5) बी आर कम्बोज

### सौर ऊर्जा का काम दिलाने के नाम पर 4 करोड़ से अधिक की ठगी

**रायपुर।** मेसर्स रामेंट साल्यूशन फर्म को सौर ऊर्जा का काम दिलाने का झांसा देकर शासन से लाभ लेकर अपने फर्म में उपयोग कर लिया। प्रार्थी की शिकायत पर आजाद चौक पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी कमलजीत सिंह खुराना 62 वर्ष मेसर्स रामेंट साल्यूशन श्रद्धा कॉम्पलेक्स आरकेसी के सामने रायपुर का रहने वाला है।

## सुखिया

न जाने किस सोच के साथ उसके जन्म के समय उसका नाम माता- पिता ने सुखिया रखा होगा । सुखिया नाम का शाब्दिक अर्थ मनुष्य के जीवन के लिए जबरदस्त विशेषण है। जीवन जिसने भी पाया, उसे संघर्ष जन्म से मृत्यु तक करना ही है। सुखिया का शाब्दिक अर्थ सब प्रकार के सुखों से है। सुखिया अब तक पचहत्तर बसंत देख चुकी है फिर भी उसकी काया सेवा भाव से परिपूर्ण है।जब कभी किसी परिवार में कोई नवनिहाल का आगमन होता, उसे बुलावा आ ही जाता। बड़े समर्पित भाव से वह नवनिहाल के साथ साथ जन्मदात्री माता की भी सेवा करती ।

सुखिया के जीवन का अठारह बसंत अपने माता पिता के सानिध्य में व्यतीत होने के बाद उसका वैवाहिक जीवन युवक दुखहरण के साथ प्रारंभ हुआ। छोटे से कवेलुपोश मकान में दुखहरण के चार भाइयों का परिवार निवास करता था।जीवन में परिवारिक विस्तार प्राकृतिक है।चाह कर भी कोई रोक नहीं सकता और दुखहरण का भी परिवार बड़ा हुआ, तीन बेटे - दो बेटी ।

समय के साथ सुखिया को आर्थिक तंगी के तले दबना नागवार नहीं था ,इसलिए वह घरेलू काम के बाद बचे समय का सदुपयोग करते हुए अन्य घरों में घरेलू काम करने लगी। सुखिया नाम के विपरीत उसे आर्थिक तंगी जकड़ने लगी थी। इसी बीच सुखिया के पति दुखहरण की अकाल मृत्यु हो गई।वह एक सहारा, जो छोटे मोटे काम कर कुछ कमा लेता था, उसे भी प्रकृति ने छीन लिया।

समय बीतता गया। सुखिया अपने बच्चों का घर एक - एक कर बसाने में लगी रही ।घर बसने से फिर प्राकृतिक प्रक्रिया में लड़कों का आपस में बंटवारा हुआ ,अब सुखिया अकेले होकर भी आत्मसंतुष्टि से परिपूर्ण जीवन बिता रही है।वह अपने नाम सुखिया के अनुरूप लोगों की सेवाकर उनसे मिले आत्मीयता से सभी सुखों का अनुलाभ प्राप्त करती हुई अपने माता- पिता का धन्यवाद कर थकती नहीं है कि उसका नाम सुखिया रखा।



**गजेन्द्र बख्शी**
**अधिवक्ता, रिद्धि सिद्धि कालोनी**

# 55वें जीएसटी काउंसिल की बैठक के लिए जीएसटी सरलीकरण के संबंध में ज्ञापन सौंपा

धीरज तिवारी

**रायपुर ( नांदगांव टाइम्स )।** चेंबर प्रतिनिधि मंडल ने माननीय श्री ओ.पी.चैधरी , वित्त, वाणिज्यिक कर मंत्री से मुलाकात कर 21 दिसम्बर 2024 को होने वाली 55वें जीएसटी काउंसिल की बैठक के लिए जीएसटी सरलीकरण के संबंध में सुझाव हेतु ज्ञापन सौंपा। छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफकॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उत्तमचंद गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र जग्गी, विक्रम सिंहदेव,राम मंधान, मनमोहन अग्रवाल ने बताया कि 21 दिसम्बर 2024 को होने वाली 55वें जीएसटी काउंसिलिंग की बैठक में सुझाव देने हेतु चेंबर भवन में विभिन्न व्यापारिक- औद्योगिक संगठनों एवं पदाधिकारियों की बैठक संपन्न हुई थी । इसी तारतम्य में आज 12 नवम्बर 2024 को चेंबर प्रतिनिधि मंडल ने प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी के नेतृत्व में माननीय श्री ओ.पी.चैधरी जी, वित्त, वाणिज्यिक कर मंत्री, छत्तीसगढ़ शासन से मुलाकात कर 21 दिसम्बर 2024 को होने वाली 55वें जीएसटी काउंसिल की बैठक के लिए जीएसटी सरलीकरण के संबंध में सुझाव हेतु ज्ञापन सौंपा। चेंबर प्रदेश अध्यक्ष श्री पारवानी जी ने बताया कि 21 दिसम्बर 2024 को होने वाली 55वें जीएसटी काउन्सिल की बैठक में जीएसटी सरलीकरण हेतु सुझाव देने तथा प्रदेश के व्यापारियों में जीएसटी को लेकर आ रही परेशानियों के संबंध में चेंबर भवन में विभिन्न व्यापारिक-औद्योगिक संगठनों एवं पदाधिकारियों की बैठक रखी गई थी जिसमें जीएसटी सरलीकरण को लेकर विभिन्न सुझाव प्राप्त हुए जिसे प्रमुख रूप से चेंबर ने सुझावों को सूचीबद्ध किया।

**प्रमुख सुझाव निम्नानुसार है:** 1.इनपुट टैक्स क्रेडिट जीएसटीआर 2बी के आधार मान्य होने



सम्बन्धी प्रावधान को वापस लिए जाएं. 2. यदि क्रेता द्वारा क्रय सम्बन्धी सभी दस्तावेज एवं भुगतान सम्बन्धी समस्त प्रमाण दिए जाए तो विभाग द्वारा विक्रेता पर ही कार्यवाही की जानी चाहिए. 3. न्यूनतम दंड पर पुनर्विचार।4. धारा 126 का विस्तार कर धारा 73 को शामिल करना: छोटे व्यवसायों को अनजाने में हुई गलतियों से बचाना। 5. धारा 149 का क्रियान्वयन: भरोसेमंद करदाताओं की पहचान करने के लिए जीएसटी अनुपालन रेटिंग का उपयोग करना। 6. पंजीकृत करदाताओं (आरटीपी) का क्रॉस-ज्यूरिस्डिक्शन और पुनर्मूल्यांकन/ बहु-मूल्यांकन: पंजीकृत करदाताओं (आरटीपी) के कई आकलन: करदाताओं के लिए, जीएसटी आकलन को समझना जटिल हो सकता है। उन्हें विभिन्न प्राधिकरणों द्वारा शुरू किया जा सकता है। 7. धारा 74 का खुला दुरुपयोग।8. राजस्व तटस्थ मामलों की पहचान: रिवर्स चार्ज मैकेनिज्म (आरसीएम) 9. नियम 42/43 के उल्लंघन के लिए मार्जिनलाइजिंग नोटिस जारी किया गया। 10.ऐसा इनपुट टैक्स क्रेडिट, जो कि जीएसटीआर 2ए में नहीं दिख रहा है, उसके लिए एक प्रथम तीन वर्षों के लिए, व्यापारियों के लिए एक हितकारी योजना लाई थी। अत: आपसे अनुरोध है, कि समान योजना वित्तीय वर्ष 20-21 एवं वित्तीय वर्ष 21-22 (31.12.2021) तक के लिए भी लाए जानी चाहिए। 11. विभिन्न संस्थानों एवं व्यापारियों से प्राप्त जानकारी से यह ज्ञात हुआ है, कि अगर गुड्स रजिस्टर्ड स्थान के अलावा किसी अन्य राज्य में ऑफिसर के द्वारा पकड़ा जाता है, तो उस गुड्स को छुड़ाने के लिए, उस राज्य में अपील फाइल करनी पड़ती है, जहाँ पर गुड्स को पकड़ा गया है, जोकि व्यावहारिक नहीं है। 12. फ्लैज् आउटपुट के भुगतान के लिये ब्लैज् और या "लैज् इनपुट का उपयोग करने के लिये समान विकल्प दिया जाना चाहिये । 13. आंशिक रूप से/बिना नकद भुगतान के फॉर्म जीएसटीआर 3बी जमा करने का विकल्प दिया जाना चाहिए। 14. नियम 86 बी के प्रावधानों को निरस्त किये जाएं. 15. पूर्व माह का जीएसटीआर -3बी न जमा होने पर जीएसटीआर -1 जमा करने पर प्रतिबन्ध हटाया जानाचाहिए. 16. अ. ई-इनवॉइसिंग के 1 अगस्त 2023 से रु.5 करोड़ तक के टर्नओवर वाले व्यापारियों पर लागू किए गए प्रावधान वापस लिए जाने चाहिए. ब. ई-इनवॉइसिंग की स्थिति में खरीददार को इनपुट अनिवार्य रूप से मिलना चाहिए. 17. माल के परिवहन एवं ई-वे बिल सम्बंधित समस्याएं. 18. छुटे हुए इनपुट टैक्स क्रेडिट लेने एवं वार्षिक विवरण पत्र में संशोधन किए जाने हेतु अवसर प्रदान करने बाबत. 19. जीएसटी वार्षिक विवरण के सम्बंध में सुझाव. 20. रिटर्न सम्बंधित अन्य समस्याएं. 21. जीएसटी के प्रावधानों में सुधार हेतु अन्य सुझाव. 22. व्यवसाय को राहत देने एवं इज आफडुईंग हेतु सुझाव. 23. जीएसटी की दर में कमी करने हेतु सुझाव. 24. एक व्यवसाय एक कर. चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष श्री पारवानी ने माननीय श्री ओ.पी.चैधरी जी, वित्त, वाणिज्यिक कर मंत्री, छत्तीसगढ़ शासन से व्यापार एवं उद्योग के हित में तथा जीएसटी सरलीकरण की दिशा में उपरोक्त सुझावों को ध्यान में रखते हुए 55वें जीएसटी कांउसिल की बैठक में शामिल करने हेतु निवेदन किया है। चेम्बर प्रतिनिधि मंडल में चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, कार्यकारी अध्यक्ष-राजेन्द्र जग्गी, विक्रम सिंहदेव, मनमोहन अग्रवाल, उपाध्यक्ष-नरेन्द्र हरचंदानी, मंत्री-शंकर बजाज, राजेन्द्र खटवानी एवं टेक्नीकल टीम के सदस्य-सी.ए.मुकेश मोटवानी, सी.ए.किशोर बरड़िया प्रमुख रूप से शामिल थे।

# जिला पंचायत के सदस्य, जनपद पंचायत के अध्यक्ष/सदस्य पदों के प्रवर्गवार एवं महिलाओं के प्रवर्गवार स्थानों के आरक्षण हेतु कार्यवाही 17 दिसंबर को

**मोहला (नांदगांव टाइम्स)।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती तुलिका प्रजापति द्वारा छत्तीसगढ़ पंचायत निर्वाचन अधिनियम अंतर्गत जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी के जिला पंचायत के सदस्य, जनपद पंचायत के अध्यक्ष/सदस्य पदों के प्रवर्गवार एवं महिलाओं के प्रवर्गवार स्थानों के आवंटन/आरक्षण की कार्यवाही कार्यालय कलेक्टर जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी के सभाकक्ष में 17 दिसंबर को सुबह 11:00 बजे किया जायेगा। उक्त कार्यवाही की प्रक्रिया देखने के लिए


**आरक्षण की प्रक्रिया देखने जिले के नागरिक गण उपस्थित हो सकते हैं**

जिले के नागरिक गण उपस्थित हो सकते हैं।

- जनपद पंचायत एवं पंचायत के निर्वाचन की आरक्षण प्रक्रिया 17 दिसंबर को - आरक्षण की प्रक्रिया देखने को भी नागरिक गण उपस्थित हो सकते हैं छत्तीसगढ़ पंचायत निर्वाचन अधिनियम अंतर्गत जिले के जनपद पंचायत मोहला-मानपुर-अं.चौकी के निर्वाचन क्षेत्र एवं अध्यक्ष पदों का अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा सभी प्रवर्गों के महिला हेतु लॉट द्वारा आरक्षण की कार्यवाही 17 दिसंबर को प्रात: 11:00 बजे जिला कार्यालय मोहला-मानपुर-अं.चौकी के सभा कक्ष में किया जाएगा। इसी प्रकार सरपंच एवं पंच के आरक्षण की कार्यवाही स्वर्गीय लाल श्याम शाह नवीन महाविद्यालय मोहला के कक्ष क्रमांक 1, 2 एवं 3 में किया जाएगा। आरक्षण की प्रक्रिया को देखने के लिए जिले केकोई भी नागरिक गण उपस्थित हो सकते हैं।

## स्वर्ग कहां है ?

हर कोई समझता है ऊपर है। नहींए ऊपर तो सूक्ष्म वतन ;फरिश्तों के घरद्ध एवं उससे ऊपर मुक्तिधाम ;परमधाम द्ध परमात्मा एवं सारे आत्माओं का घर होता है ।फिर स्वर्ग कहां है कहते यहीं धरती पर है । अच्छा धरती पर हैए तो अभी है या नहीं है कहते नहीं एअभी यहीं पर भी स्वर्ग है यहां पर भी नरक है । जो अमीर होते हैं अमेरिका जैसे अमीर देश होते हैंए वह स्वर्ग में है। कोई कहता है कश्मीर भू. स्वर्ग है तो कोई कहता स्विट्जरलैंड कोई तो यहां तक अति आनंद; संभोगद्धए स्वादिष्ट भोजनए कुछ आश्चर्य चीजए प्रकृतिए सौंदर्य देखकरएजरूरत के समय पर किसी की मददए बीमारी से ठीक हो जाने पर डॉक्टर कोए किसी भी प्रकार वस्तुए पदार्थ एमनुष्य जहां से थोड़ी बहुत सुखए खुशी मिल जाती हैए उसे भगवान कह देते हैंए और इस दुनिया में अभी स्वर्ग है ऐसे कहते हैं । नहीं ए वास्तव में अभी स्वर्ग कहीं नहीं है । स्वर्ग आने वाली है ए कृष्ण की दुनिया आ रही है । क्योंकि स्वर्ग में अखुट धन के अलावा सब की आयु लंबी होती हैए कोई बीमार नहीं पड़ता है एवहां किसी भी प्रकार की हिंसा के नाम निशान नहीं हैए कोई कभी तनाव में नहीं होता है चारों ओर सदा ;स्थाईद्ध खुशहाली ण्ण्ण जबकि इस दुनिया में मनुष्य में तमाम दुर्गुणए अभावए रोगए शोकए दुःख पापण् भरपूर हैए इसलिए यह नर्क है । शिवा भगवानुवाच के अनुसार



**( कुमारी टोमेश्वरी साहू )**
**बसंतपुर, राजनांदगॉंव**

# 49 खण्डपीठ के द्वारा भौतिक एवं वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से होगा प्रकरणों का निराकरण

डोंगरगढ़/राजनांदगाँव (नांदगांव टाइम्स)। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राजनांदगांव के अध्यक्ष / प्रधान जिला न्यायाधीश श्रीमती सुषमा सावंत ने बताया कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं छ0ग0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, बिलासपुर के निर्देशानुसार आज 14 दिसंबर 2024 को जिला राजनांदगांव में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। इस लोक अदालत में कोई भी इच्छुक स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से अपने प्रकरणों के निराकरण के लिए आवेदन कर सकते है, संबंधित पक्षों की सहमति से प्रकरणों का निराकरण किया जायेगा। लोक अदालत में सुनाये गये फैसलों की सामान्य अदालत में सुनाये गये फैसलों जितनी ही अहमियत होती है और लोक अदालत में सुनाये गय फैसले के खिलाफ अपील दायर नहीं की जा सकती। प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, राजनांदगांव ने जिले के आम लोगों से लोक अदालत का अधिक से अधिक लाभ लेने हेतु अपील की है। न्यायालयों में बड़ी संख्या में लंबित प्रकरणों में कमी लाने के उद्देश्य से तथा प्रभावित पक्षकरों को त्वरित एवं सुलभ न्याय प्रदान करने की दिशा में नेशनल लोक अदालत एक प्रभावशाली कदम है। जिस हेतु जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राजनांदगांव के द्वारा नेशनल लोक अदालत हेतु जिला न्यायालय राजनांदगांव, व्यवहार न्यायालय खैरागढ़, डोंगरगढ़, अंबागढ़ चौकी, छुईखदान एवं

**आज लगेगी नेशनल लोक अदालत**


राजस्व न्यायालयों राजनांदगांव, के0सी0जी0 एवं एम0एम0एसी0 सहित कुल 49 खण्डपीठों का गठन किया गया है। उक्त खण्डपीठों के द्वारा ही विभिन्न प्रकरणों तथा प्री-लिटिगेशन का निराकरण किया जायेगा। एच0 के0 रात्रे सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने बताया कि उक्त नेशनल लोक अदालत के माध्यम से न्यायालय में राजीनामा योग्य अपराधिक प्रकरणों, धारा-138, परकाम्य लिखत अधिनियम, मोटर दुर्घटना दावा प्रकरण, बैंक रिकवरी प्रकरण, सिविल प्रकरण, निष्पादन प्रकरण, विद्युत संबंधी मामलों, पारिवारिक विवाद एवं राजस्व मामलो का निराकरण किया जाना है। इसके अतिरिक्त बैंक, विद्युत विभाग, दूरसंचार विभाग, नगर पालिका परिषद् में वसूली संबंधी लंबित प्रकरण प्री-लिटिगेशन प्रकरण, जिला विधिक सहायता प्राधिकरण में प्रस्तुत किये गये है, जिनका निराकरण लोक अदालत खंडपीठ के द्वार निराकृत किया जावेगा। यदि कोई भी व्यक्ति लोक अदालत के माध्यम से अपना प्रकरण निराकृत करना चाहता है, तो वह 14 दिसंबर को न्यायालय में उपस्थित होकर अपना प्रकरण निराकृत करा सकता है। साथ ही उपरोक्त लोक अदालत के अवसर पर स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया है, जिसमें एलोपेथिक एवं आयुर्वेदिक तरीके की जांच का लाभ उठा सकते है। इस बार हाईब्रिड लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा, इसमें पक्षकार व अधिवक्ता न्यायालय में उपस्थित होकर व अपने घरों से भी वीडियों कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आपसी सहमति से प्रकरणों का निराकरण करेंगे। लोक अदालत के सफल संचालन हेतु राजनांदगांव जिला न्यायालय की वेब साइट https://rajnandgaon.dcourts.gov.in/ पर लिंक की सहायता से पक्षकारों को घर बैठे सीधे लोक अदालत की खण्डपीठ से जुड़ने में सहायता मिलेगी। यदि कोई पक्षकार उक्त लोक अदालत के माध्यम से अपना राजीनामा योग्य प्रकरण निराकृत करवाना चाहते है, तो जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राजनांदगांव अथवा अपने अधिवक्ता से संपर्क कर सकते है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राजनांदगांव के द्वारा पक्षकारों से अपील की गई है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर अपने मामलों का निराकरण लोक अदालत के माध्यम से कराकर सुलभ, शीघ्र एवं सस्ता न्याय प्राप्त करें तथा नेशनल लोक अदालत को सफल बनाये।।

## धर्म समाचार....

# सुबह जागते ही सबसे पहले हथेलियां देखने की परंपरा

### जानिए हथेलियां देखते समय कौन सा मंत्र बोलें और किन बातों का ध्यान रखें?

दिन की शुरुआत अच्छी हो जाए तो पूरे दिन इसका सकारात्मक असर बना रहता है। इसलिए सुबह जागते ही हथेलियां देखने की परंपरा हमारे ऋषि-मुनियों द्वारा बनाई गई है। आज अधिकतर लोग सुबह जागते ही सबसे पहले मोबाइल देखते हैं, जबकि ये आदत तनाव का कारण बन सकती है। सुबह जागते ही मोबाइल देखना आंखों की सेहत के लिए भी अच्छा नहीं है, जागते ही मोबाइल की तेज रोशनी हमारी आंखों को नुकसान पहुंचा सकती है। इसलिए इस आदत को जल्दी से जल्दी छोड़ देना चाहिए। पुराने समय से ही कर (हथेली) दर्शन करने की परंपरा चली आ रही है। जो लोग हथेलियों के दर्शन करके दिन की शुरुआत करते हैं, उन्हें भगवान विष्णु, महालक्ष्मी और देवी सरस्वती की कृपा से सुख-शांति और सफलता मिल सकती है। कर दर्शन की परंपरा से जुड़ी खास बातें... माना जाता है कि रोज सुबह देवी लक्ष्मी, सरस्वती जी और भगवान का विष्णु का



ध्यान करने से विचारों में सकारात्मकता बढ़ती है। दिन की शुरुआत भगवान के ध्यान के साथ करने से दिनभर शुभ असर बना रहता है। सुबह जागने के बाद बिस्तर पर बैठे-बैठे ही अपनी दोनों हथेलियां आपस में जोड़ें, आंखें बंद करें। इसके बाद करदर्शन मंत्र का जप करते हुए हथेलियों के दर्शन करें। मंत्र बोलने के बाद दोनों हथेलियों को आपस में रगड़ें और अपने चेहरे पर लगाएं। इस परंपरा के पीछे एक गहरा संदेश भी है। हम हाथों से ही कर्म करते हैं और कर्म करने से ही हमें सफलता मिलती है, हमारा भाग्य बनता है। काम करेंगे तो जीवन में सुख-शांति और सफलता मिलेगी।

हाथों का महत्व समझाने के लिए ही ऋषि-मुनियों ने कर दर्शन करने की बनाई है। देवी सरस्वती ज्ञान की प्रतीक हैं, भगवान विष्णु पुरुषार्थ के प्रतीक हैं और देवी लक्ष्मी धन, सुख-सुविधाओं की प्रतीक हैं। जब हम ज्ञान का इस्तेमाल करते हुए पुरुषार्थ यानी काम करते हैं, तब हमें लक्ष्मी यानी धन की प्राप्ति होती है। हमें अपने हाथों पर यानी खुद पर भरोसा करना चाहिए। आत्म विश्वास बनाए रखेंगे तो मुश्किल से मुश्किल लक्ष्य को हासिल कर सकेंगे।

### खरमास में करें इन चीजों का दान, सभी समस्याओं का होगा निपटारा

रविवार, 15 दिसंबर को सूर्य देव बृहस्पति की राशि में प्रवेश करने जा रहे हैं, जिससे खरमास की शुरुआत हो रही है। इस दिन को धनु संक्रांति के नाम से भी जाना जाता है। इस अवधि में शुभ कार्य जैसे विवाह, ग्रह प्रवेश आदि नहीं किए जाते। क्योंकि यह माना जाता है कि इस अवधि में सूर्य देव की ऊर्जा की प्रभावशीलता कम हो जाती है, जिससे किसी भी शुभ कार्य का अच्छा परिणाम प्राप्त नहीं होता। खरमास में दान-पुण्य करने का विशेष महत्व माना गया है। ऐसे यदि आप इस अवधि में गरीबों व जरूरतमंद लोगों को अनाज जैसे गेहूं, चावल आदि का दान करते हैं, तो इससे आपको जीवन में अच्छे परिणाम मिल सकते हैं। इसी के साथ आप खरमास में गर्म कपड़े और कंबल आदि का दान भी कर सकते हैं। खरमास में सूर्य देव की कृपा प्राप्ति के लिए



आपको लाल कपड़े, गुड़, मूंगफली, काले चने आदि का दान करना चाहिए। ऐसा करने से साधक की कुंडली में सूर्य की स्थिति मजबूत होती है। जिससे साधक के लिए धन-वैभव में वृद्धि के योग बनने लगते हैं। खरमास को बृहस्पति देव की कृपा प्राप्ति के लिए भी खास माना जाता है। बृहस्पति देव को ज्ञान का कारक माना जाता है। ऐसे में यदि आप भी बृहस्पति देव की कृपा करना चाहते हैं, तो इसके लिए आपको खरमास में पीली रंग की चीजों का दान करना चाहिए। खरमास की अवधि में पीतल या फिर स्टील के बर्तनों का दान करना भी काफी शुभ माना जाता है। इससे साधक को पारिवारिक कलह की स्थिति से छुटकारा मिलता है और जीवन में सुख, शांति बनी रहती है। इसी के साथ अगर आपके किसी कार्य में बाधा आ रही है, तो ऐसे में आप केसर का दान कर सकते हैं।

- क्रिकेट किट
- फुटबाल
- हॉकी किट
- योगा मेट

स्वाती स्पोर्ट्स

खिलाड़ियों एवं विद्यार्थियों के लिए विशेष छूट...

क्रिकेट, हॉकी, कबड्डी, वॉलीबॉल, खो- खो, बैडमिंटन, बास्केट बॉल, थ्रो बॉल, शॉपट बॉल, हाई जम्प, बॉक्सिंग रिंग, टेनिस बॉल, स्पोर्ट्स बॉल, रैकेट बैग, स्पोर्ट्स बॉटल, स्पोर्ट्स बैग, बैडमिंटन नेट, स्कोरल टेबल, बोर्ड गेम्स, टी- टी टेबल,टी-टी बॉल, टेबल टेनिस बैट, टी-टी बैट, ट्रैक शूट, जिम सामग्री, स्पोर्ट्स शूज, स्कूल बैग सहित सभी खेल सामग्री उपलब्ध...

स्टेडियम परिसर, कलेक्टोरेट के सामने राजनांदगांव, मो. 99819-65770, 88393-71971

# जनादेश परब : फोटो प्रदर्शनी में प्रस्तुत की गई जिले के विकास कार्यों की झांकी

**राज्य शासन के 1 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जनादेश परब के अवसर पर कलेक्टोरेट में जनसम्पर्क विभाग द्वारा लगाई गई जिले के उपलब्धियों पर आधारित फोटो प्रदर्शनी**








**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** राज्य शासन के 1 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जनादेश परब के अवसर पर आज कलेक्टोरेट में जनसम्पर्क विभाग की जिले के उपलब्धियों पर आधारित फोटो प्रदर्शनी लगाई गई है। फोटो प्रदर्शनी में जिले के विकास कार्यों की झांकी प्रस्तुत की गई है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य शासन की विभिन्न लोकहितैषी योजनाओं के माध्यम से जनसामान्य के जीवन में आ रहे सकारात्मक परिवर्तन को फोटो प्रदर्शनी के माध्यम से प्रदर्शित किया गया है। सरकार नागरिकों के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर नागरिकों ने फोटो प्रदर्शनी का अवलोकन किया एवं प्रशंसा की। उन्हें छत्तीसगढ़ जनमन, सुशासन के नवीन आयाम, खुशियों का नोटिफिकेशन किताबों का वितरण किया गया। उदित छत्तीसगढ़ सशक्त नेतृव से प्रगति का स्वर्णिम युग पाम्पलेट का भी वितरण किया गया। नागरिक सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक फोटो प्रदर्शनी का अवलोकन कर सकते हैं। जनसम्पर्क विभाग की फोटो प्रदर्शनी में सुशासन का एक साल छत्तीसगढ़ हुआ खुशहाल की अभिव्यक्ति के साथ शासन की विभिन्न योजनाओं जिनमें महतारी वंदन योजना से महिलाओं का आर्थिक सशक्तिकरण और विकास की नई इबारत, किसानों को मिला 2 साल का बोनस, खुशियों का मिला पैगाम, धान खरीदी का महापर्व- कृषक उन्नति योजना के तहत किसानों से 3100 रूपए प्रति क्विंटल की दर और प्रति एकड़ 21 क्विंटल के मान से धान खरीदी, प्रधानमंत्री आवास योजना से मिला अपना पक्का मकान, पीएमश्री योजना, न्योता भोजन, मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत गरीब परिवार की कन्याओं के लिए 50 हजार रूपए की आर्थिक सहायता, जेसीबी वाली दीदी दमयंती सोनी को जापान जाने के लिए मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की पहल पर मिली 3 लाख 76 हजार रूपए की राशि, दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण के लिए सीआरसी सेंटर, आरोहण बीपीओ सेंटर से जिले लगभग 850 से अधिक युवाओं को मिला रोजगार, बच्चों को सुपोषण की श्रेणी में लाने के लिए जिला प्रशासन की पोट्ठ लईका पहल, जल संरक्षण के लिए जिला प्रशासन की पहल मिशन जल रक्षा, जल जीवन मिशन, एक पेड़ माँ के नाम महावृक्षारोपण अभियान, चलो बनाबो हरियर छत्तीसगढ़, श्री रामलला दर्शन अयोध्या धाम योजना, उन्नति के नए क्षितिज लिख रहे हैं।

**राज्य शासन की विभिन्न लोकहितैषी योजनाओं के माध्यम से जनसामान्य के जीवन में आ रहे सकारात्मक परिवर्तन को फोटो प्रदर्शनी के माध्यम से किया गया प्रदर्शित**

विकास की नई दास्तां, जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर से ग्रामीण क्षेत्रों में अंतिम छोर के हितग्राही हो रहे लाभान्वित, जिले में राष्ट्रीय बागवानी मिशन के तहत जरबेरा, ऑर्किड एवं रंगीन शिमला मिर्च की खेती से समृद्ध बन रहे किसान सहित विभिन्न योजनाओं को प्रदर्शित किया गया है।

# कर्मचारियों को वेतन के लाले, शहर में अनिवार्य सेवा पानी, सफाई ठप्प और जश्न मनाने जुटी - हेमा देशमुख



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** प्रदेश मे नगरीय निकाय के कर्मचारी वेतन एवं अपनी अन्य मागों को लेकर विगत तीन-चार दिनों से हडताल में है। जिसके कारण शहर की व्यवस्था चौपट हो गयी है और नागरिको को दी जाने वाली मूलभूत सुविधा पेयजल सप्लाई बाधित हो गयी है, वही शहर में सफाई व्यवस्था ढप्प हो गयी है। दूसरी ओर सरकार जश्न मना रही है। यह बाते महापौर एवं प्रदेश महिला कांग्रेस उपाध्यक्ष श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुये कही।

महापौर श्रीमती देशमुख ने कहा कि सरकार अपने एक साल के कार्यकाल की उपलब्धिया गिनाते हुये झुठी वाहवाही ले रही है, जबकि धरातल में कुछ और ही स्थिति है। उन्होंने कहा कि जब से सरकार बैठी है प्रदेश में अराजक्ता का माहौल निर्मित हो गया है। अधिकारी कर्मचारी अपनी मांगो के लिये हडताल पर हडताल किये जा रहे है, किन्तु यह सरकार इन्हें नजर अंदाज कर जश्न मनाने में लगी हुई है। उन्होंने कहा कि प्रदेश का नगरीय निकाय विभाग सबसे महत्वपूर्ण विभाग होता है और निकाय के कर्मचारियों को वेतन के लाले पडे है, जिसके लिये वे हडताल कर रहे है। जबसे सरकार बैठी है तब से निकाय के कर्मचारी तीसरी बार हडताल कर रहे है। इसी प्रकार अन्य विभाग के कर्मचारी भी हडताल में लगे हुये है, जबकि अधिकारी और कर्मचारी ही सरकार के प्रमुख अंग होते है, ये इस सरकार की एक साल की उपलब्धि है। महापौर श्रीमती देशमुख ने कहा कि नगरीय निकाय कर्मचारी हडताल से शहर की व्यवस्था ढप्प हो गयी है, चारो ओर कचरो का अम्बार लग गया है, वही पेयजल प्रभावित हो रही है, लेकिन यह सरकार इनको नजर अंदाज कर जश्न मना रही है। उन्होंने कहा कि भरे दीवाली में कर्मचारियों को वेतन नहीं मिला, जिसकी मांग वो शुरू से करते आ रहे है। कर्मचारी हितेशी बात करने वाली सरकार कर्मचारियों को वेतन नहीं दे पा रही है। एक तारीख को वेतन देने का फरमान जारी करने से कुछ नहीं होता, वेतन के लिये फंड देना होता है। ये सरकार सिर्फ घोषणावीर बन कर रह गयी है। विकास कार्य के लिये राशि देने घोषणा की जाती है, पर राशि आती नहीं है। प्रदेश उपाध्यक्ष हेमा देशमुख ने कहा कि सरकार महतारी वंदन योजना में राशि देने की बात करती है, लेकिन पात्र महिलाओं के खाते में राशि ही नही आती तथा कई पात्र महिलाये आवेदन देने के बाद भी लाभ से वंचित है। इसी प्रकार किसानों को बोनस देने की बात करे तो जितनी घोषणा की गयी थी उससे कम राशि दी जा रही है तथा धान खरीदी में भी गडबडी व्याप्त है। उन्होंने कहा कि सरकार का कार्यकाल पूरी तरह से विफल रहा, सरकार कर्मचारियों एवं गरीबों के हित में कार्य करे। निकाय कर्मचारियों की मांगो पर सहानुभूति पूर्वक विचार कर उन्हें वेतन दे, उसी प्रकार महंगाई कम कर आम नागरिकों को राहत पहुँचाये, तब अपनी उपलब्धि गिनाए।

# आयुष्मान शिविर का सफल आयोजन



**राजनांदगाँव (नांदगांव टाइम्स)।** आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना विश्व की सबसे बड़ी सार्वजनिक स्वास्थ्य आश्वासन योजना के अनुक्रम में तिलक वार्ड क्रं. 28 इन्दिरा सरोवर स्वर्गधाम स्थित सामुदायिक भवन में 5 लाख रूपयें के मुफ्त उपचार हेतु दिनांक-09/12/2024 को समय - सुबह 11 बजे से शाम 05 बजे तक एक दिवसीय आयुष्मान कार्ड शिविर का आयोजन वार्ड के पार्षद श्री राजेश जैन (रानू) नगर पालिक निगम राजनांदगाँव द्वारा आयोजित किया गया। शिविर में जिनकी उम्र 70 वर्ष पूर्ण हो चुकी है ऐसे हितग्राहियों हेतु प्रति व्यक्ति 5 लाख रूपयें स्वास्थ्य लाभ हेतु प्रदाय किये जाने का प्रावधान है । इन्दिरा सरोवर स्वर्गधाम स्थित सामुदायिक भवन में एक दिवसीय शिविर का शुभारंभ माननीय श्री खूबचंद जी पारख द्वारा भारत माता के तैलचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित कर शिविर का शुभारंभ श्री राजेश जैन (रानू) वार्ड पार्षद, सहयोगी श्री राहुल सोनपीपरे, श्री राजेश बिसने एवं भाजपा के सम्मानित कार्यकर्त्तागणों के साथ किया गया । उक्त अवसर पर आयुष्मान कार्ड बनाने हेतु श्री जीत परिहार, स्वास्थ्य विभाग, श्रीमती सरोज गिरीपूँजे वार्ड मितानिन, समिति अध्यक्ष श्रीमती शीला हेड़ाऊ द्वारा अपना सहयोग प्रदान किया गया । शिविर में दी गई समयावधि में लगभग 88 हितग्रहियों का आयुष्मान कार्ड बनवाकर लाभांवित करवाया गया । दिनांक-12/12/2024 को इंदिरा सरोवर स्वर्गधाम स्थित सामुदायिक भवन में आयुष्मान कार्ड बनाये जाने हेतु एक दिवसीय शिविर का पुन: आयोजन किया जाना है, कृपया अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर आयुष्मान कार्ड बनाये जाने का लाभ उठावें ।

# भाजपा के राज में भाजपाई पार्षदों ने ही नगर पालिका के सामने दिया धरना

## सीएमओ के खिलाफ खोला मोर्चा, सीएमओ व अध्यक्ष मुर्दाबाद के लगाये नारे

### विशेष सम्मेलन से नदारद हुए सीएमओ, विकास कार्य हुआ बाधित



**डोंगरगढ़ (नांदगांव टाइम्स)।** जैसा कि आप सभी जानते हैं कि वर्तमान में छत्तीसगढ़ प्रदेश में भाजपा की सरकार है लेकिन राजनांदगांव जिले के अंतर्गत आने वाली डोंगरगढ़ नगर पालिका में आज भाजपा पार्षदों को ही धरना देने पर मजबूर होना पड़ा है। पालिका उपाध्यक्ष उमा महेश वर्मा, नेता प्रतिपक्ष अमित छाबड़ा व मंडल अध्यक्ष अमित जैन सहित भाजपा के 11 पार्षद पालिका के सामने रोड में लगाकर धरना प्रदर्शन कर रहे हैं और सीएमओ चंद्रकांत शर्मा व पालिका अध्यक्ष सुदेश मेश्राम मुर्दाबाद के नारे बुलंद कर रहे थे। इस अवसर पर नेता प्रतिपक्ष अमित छाबड़ा व मंडल अध्यक्ष अमित जैन ने बताया कि भाजपा के द्वारा 1 माह पूर्व मुख्य नगर पालिका अधिकारी चंद्रकांत शर्मा को लिखित में विशेष सम्मेलन की सूचना दी गई थी लेकिन उसके बाद भी बैठक नहीं की गई जैसे तैसे एक माह बाद 13 दिसंबर को सुबह 11 बजे का समय निर्धारित किया गया था उसके बाद भी कांग्रेस के इशारे पर विकास कार्य को बाधित करने के लिए आज वे जानबूझकर पालिका से गायब हुए हैं और आधे घण्टे पहले अंजान नंबर से फोन करवाकर बैठक स्थगित करने की सूचना दी गई जो विधिवत नहीं है। सभी पार्षदों ने सीएमओ को तत्काल निलंबित करने की मांग की। इसके साथ ही उन्होंने चेतावनी भी दी है कि अगर सीएमओ को निलम्बित नहीं किया गया तो भाजपा के सभी पार्षद सामुहिक इस्तीफा देंगे। आपको बता दें कि जब से सीएमओ चंद्रकांत शर्मा डोंगरगढ़ नगर पालिका में पदस्थ हुए हैं तब से वो विवादों से घिरे हुए हैं। कुछ माह पूर्व ही कांग्रेस ने विधायक हर्षिता स्वामी बघेल के नेतृत्व में नगर पालिका के सामने धरना प्रदर्शन किया था जिसमे कांग्रेसियों ने सीएमओ के लिए जूते चप्पलों की माला भी तैयार की थी।यही नहीं सप्ताह में एक या दो दिन ही दफ्तर में पाए जाते हैं बाकी दिन वो कहाँ रहते हैं ये किसी को नहीं पता। यही सीएमओ किसी भी कर्मचारी को 10 मिनट के लिए भी नदारद पाए जाने पर उन्हें काम से बैठाल देते हैं उनका वेतन कटौती कर देते हैं। लगातार शहर के विकास को लेकर यह सीएमओ बाधा के रूप में ही सामने आए हैं। जिस तरह से सीएमओ की मनमानी लगातार जारी है उससे यह तो स्पष्ट है कि किसी बड़े अधिकारी या नेता का उन्हें संरक्षण प्राप्त है लेकिन क्या यह संरक्षण शहर के विकास को बाधित करने के लिए दिया है और अगर ऐसा है तो उक्त अधिकारी या नेता विकास का बागी है जो डोंगरगढ़ के लिए घातक है। अब देखना यह है कि भाजपा के राज में भाजपा के ही जनप्रतिनिधियों की सुनवाई होती है या नहीं।

# खैरागढ़ कालेज में एड्स बचाव संगोष्ठी एवं रैली



**खैरागढ़ (नांदगांव टाइम्स)।** रानी रश्मिदेवी सिंह शासकीय महाविद्यालय खैरागढ़ में 13 दिसम्बर 2024 शुक्रवार को छ ग शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार एड्स दिवस पखवाड़ा आयोजन प्रभारी प्राचार्य डॉ जितेन्द्र साखरे के मार्गदर्शन में हुआ। एड्स बचाव संगोष्ठी एवं रैली में प्रो. सुरेश आडवानी रेड रिबन प्रभारी एवं पूर्व रेडक्रास प्रभारी सेवानिवृत्त जे के वैष्णव उपस्थित रहे। कार्यक्रम संचालन करते हुए प्रो.आडवानी ने एचआईवी/एड्स के बारे में विस्तार से जानकारी दी। एक दिसम्बर 24 से 15 दिसम्बर 24 तक एचआईवी एड्स जागरुकता प्रचार प्रसार संगोष्ठी अध्ययन कक्षाओं के माध्यम से एवं रैली आयोजन किया जाने एवं ग्रामीण क्षेत्रों में बचाव जानकारी देने कहा। पूर्व रेडक्रास प्रभारी जे के वैष्णव ने एचआईवी/एड्स कैसे फैलता है कारणों को बताया, बचाव हेतु जागरूकता की आवश्यकता को रेखांकित किया। आई सी टी सी क्या है , ए आर टी उपचार के बारे में जानकारी देते हुए जान है तो जहान है को बताया। छात्र छात्राओं को भारतीय जीवन शैली अनुरूप संयम , समझदारी नैतिकता , ईमानदारी से जीवन जीने कहा जिससे रोग प्रतिरोधक शक्ति प्राप्त कर नयी किस्म की बीमारी से बचने कहा। संगोष्ठी में काजल वर्मा, ईशा साहु, खुशबू मेश्राम, देविका, संध्या, गायत्री, लाकेश्वरी , विनायक, नरेंद्र वर्मा, साहिल,चुम्मन लाल, डोमेश्वर आदि भाग लिये। छात्र छात्राओं को एड्स नियंत्रण सोसाइटी के बचाव जागरूकता पाम्प्लेट वितरित किया गया।संगोष्ठी पश्चात एड्स रोकथाम जागरूकता रैली निकाली। इस अवसर पर शिक्षक गण एवं छात्र छात्राएं उपस्थित रहे, आभार प्रदर्शन शिक्षक यशवंत सोनी ने किया।

प्रकाशक, सम्पादक व मुद्रक अशोक कुमार पाण्डे द्वारा आसमा पब्लिसर्श इंडिया (प्रा.) लिमिटेड रायपुर से मुद्रित व गंजचौक राजनांदगांव से प्रकाशित, सम्पादक- अशोक कुमार पाण्डे, मो: 94252-43311 Email: nandgaontimes@gmail.com